इंदौर | शनिवार | 21 जून 2025 | वर्ष 65 | अंक 137 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social


योग दिवस आज

# नव भारत
1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


6 हिंदी की अनिवार्यता से मनसे खफा


5 अब बीमारू नहीं, एक्सप्रेसवे का प्रदेश है उत्तर प्रदेश : योगी



8 डोपिंग मामलों में भारत की दर अव्वल


9 कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर की रफ्तार धीमी : रिपोर्ट

## एक नजर में



### राष्ट्रपति मुर्मु को जन्मदिन पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली.** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई शीर्ष नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए मुर्मु को आशा और शक्ति की किरण बताया और कहा कि उनका जीवन देशवासियों को प्रेरित करता है. उन्होंने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति के जीवन को लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बताते हुए उनके सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के प्रति योगदान की सराहना की. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें सेवा और सादगी की प्रतीक बताया.

### पांच साल बाद शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली.** पांच वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है. शुक्रवार को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने नाथूला दर्रे से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर उन्होंने यात्रियों से मुलाकात की, उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की और इस यात्रा को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और अंतरराष्ट्रीय मित्रता का प्रतीक बताया.राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस ऐतिहासिक यात्रा के पुनः आरंभ के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि सिक्किम के लिए यह गौरव का विषय है कि यह यात्रा राज्य की पवित्र भूमि से होकर गुजरती है.
(विस्तृत खबर पेज 5 पर)

### अवध-असम एक्स. की टक्कर में ट्रॉलीमैन की मौत

**नई दिल्ली.** बिहार के सोनपुर रेल मंडल में कटिहार-बरौनी रेलखंड पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया. बरौनी से कटिहार जा रही 15910 अवध-असम एक्सप्रेस की एक रेलवे ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए. यह दुर्घटना काढ़ागोला और सेमापुर स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रॉली के टुकड़े-टुकड़े हो गए और ट्रैक पर अफरा-तफरी मच गई. घायल रेलकर्मियों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. सोनपुर डिवीजन के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि रेलवे ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं.

## गुस्ताखी माफ




# डेयरी केपिटल बनेगा प्रदेश

## बोले मुख्यमंत्री डॉ. यादव-30 हाईटेक गौशालाएं बनेंगी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 20 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के गौपालकों से रूबरू हुए और उनका सत्कार किया. उन्होंने गौपालकों को अहसास कराया वे कहीं और नहीं बल्कि अपने ही घर में हैं. सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास वास्तव में आपका अपना निवास है, गौपालकों का निवास. मुख्यमंत्री निवास में हुए राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा की.**

अब प्रदेश में गौपालकों को 25 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा. यानी यदि गौपालक 40 लाख रुपए में दुग्ध उत्पादन के लिए गौवंश खरीदते हैं तो सरकार उन्हें 10 लाख रुपए का अनुदान देगी. सम्मेलन में प्रदेश भर से आए गौ-पालकों और गौशाला संचालकों ने उत्साह से भागीदारी की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं को 90 करोड़ रुपए की अनुदान राशि अंतरित सिंगल क्लिक से की. इस अवसर पर



भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति आदेश भी दिए गए.

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश की डेयरी केपिटल बनाएंगे. पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं. वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है. किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की व्यवस्था लागू की गई थी.


> पशुपालन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में स्वावलंबी गौशालाएं बनाने का निर्णय लिया है. मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है. प्रदेश में 30 ऐसे स्थानों को चिन्हित भी कर लिया गया है जहां 5000 से लेकर 25000 तक गौवंश क्षमता वाली स्वावलंबी गौशाला बनाई जाएंगी. ये गौशालाएं हाईटेक होंगी, जहां जैविक खाद, सीएनजी गैस उत्पादन आदि के साथ सौर ऊर्जा से बिजली भी बनाई जाएगी.

### तीन वर्ष में गौपालन का परिदृश्य बदलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन विभाग का नाम बदल कर अब इसे पशुपालन के साथ गोपालन विभाग भी कहा जाएगा गौ- माता को सम्मान देते हुए इस विभाग के माध्यम से कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाएंगी. डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में गाय के पालन के लिए अनुदान दिया जा रहा है. अभी हम गेहूं 2600 रुपए क्विंटल के हिसाब से खरीदते हैं, लेकिन यदि वह प्राकृतिक हो गया तो ये गेहूं 4000-5000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकेगा . सीएम ने कहा कि बड़ी गौशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी.

## दिल्ली-पुणे एअर इंडिया फ्लाइट से टकराया पक्षी, रिटर्न जर्नी रद्द

**नई दिल्ली,20 जून.** एअर इंडिया की दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट के साथ 20 जून 2025 को एक बड़ा हादसा टल गया, जब उड़ान के दौरान एक पक्षी विमान से टकरा गया. जिसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से पुणे हवाईअड्डे पर उतार लिया गया. सुरक्षा कारणों से वापसी की उड़ान (एआई2470) को रद्द कर दिया गया. एअर इंडिया की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पक्षी के टकराने की जानकारी विमान की लैंडिंग के बाद हुई.



विश्व योग दिवस समारोह!

# 'गेम-चेंजर' बनी ब्रह्मोस मिसाइल

- स्वदेशी तकनीक ने ऑपरेशन सिंदूर को दिलाई सफलता
- निचली उड़ान वाले लक्ष्यों को सटीकता से बनाया निशाना

**नई दिल्ली,20 जून. भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को निर्णायक हथियार करार देते हुए कहा कि इस स्वदेशी तकनीक ने ऑपरेशन को अभूतपूर्व सफलता दिलाई.**



**उन्होंने कहा, ब्रह्मोस ने जिस तरह से दुश्मन के ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाया, वह इसे एक 'गेम-चेंजर' साबित करता है.**

समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में रक्षा सचिव ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में विदेशी और स्वदेशी हथियारों के बेहतरीन मिश्रण का प्रयोग हुआ. उन्होंने कहा कि स्वदेशी हथियारों, विशेषकर ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल ने अद्वितीय प्रदर्शन किया. इसके अलावा, पुराने एयर डिफेंस सिस्टम को आधुनिक रेडार टेक्नोलॉजी से अपग्रेड कर ड्रोन और निचली उड़ान वाले लक्ष्यों को सटीकता से निशाना बनाया गया.उल्लेखनीय है कि यह ऑपरेशन 7 मई 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की मौत हुई थी.

# यूएई से लाया गया करेंसी तस्कर

- सीबीआई और इंटरपोल की बड़ी सफलता
- 100 से अधिक अपराधियों को भारत वापस लाया



**नई दिल्ली,20 जून. नकली भारतीय करेंसी की तस्करी के बड़े मामले में सीबीआई को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. वर्षों से फरार चल रहा मुख्य आरोपी मोईदेनब्बा उमर बेरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित किया गया है.**

यह कार्रवाई सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) और इंटरपोल के संयुक्त प्रयास से संभव हो पाई है. सीबीआई के अनुसार, आरोपी मोईदेनब्बा पर आरोप है कि वह दुबई से नकली भारतीय नोटों की खरीद करता था और उन्हें शारजाह के रास्ते भारत में भेजता था. नकली नोटों की खेप विशेष रूप से बेंगलुरु भेजी जाती थी, जहां से उन्हें बाजार में फैलाया जाता था. आरोपी के खिलाफ एनआईए कोच्चि शाखा द्वारा मामला दर्ज किया गया था, जिसके आधार पर 30 दिसंबर 2013 को इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था. सीबीआई की टीम ने यूएई के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ समन्वय करते हुए अबू धाबी में आरोपी का पता लगाया और गिरफ्तारी सुनिश्चित की. इसके बाद फ्लाइट एआई-920 से मोईदेनब्बा को मुंबई लाया गया.

सीबीआई का कहना है कि यह गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय अपराध और नकली करेंसी जैसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की मिसाल है. पिछले कुछ वर्षों में सीबीआई और

# ईरानी मिसाइल से इजरायली अस्पताल तबाह

- ईरान-इजरायल युद्ध भीषण मोड़ पर
- तेहरान पर इजरायल के हमले के निर्देश

**नई दिल्ली,20 जून. ईरान और इजरायल के बीच चल रहा संघर्ष अब अत्यंत भीषण रूप ले चुका है. शुक्रवार ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों की बरसात कर दी, जिसमें इजरायल के दक्षिणी शहर बीरशेवा स्थित प्रमुख अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया गया. हमले के बाद धमाके की भयावह तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मशरूम के आकार का धुएं का गुबार देखा गया.**



अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इस हमले में अस्पताल के कई हिस्सों को गंभीर क्षति पहुंची है. यह अस्पताल दक्षिणी इजरायल के सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में से एक है. ईरान की यह कार्रवाई इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमलों के जवाब में की गई मानी जा रही है. इस हमले के जवाब में इजरायल ने भी कड़ा रुख अपनाया है. इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने सेना को आदेश दिए हैं कि वे ईरान की राजधानी तेहरान में शासन के प्रतीकों पर हमले तेज करें. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन के उत्पीड़न के तंत्रों जैसे बासिज (मिलिशिया) और रिवोल्यूशनरी गार्ड जैसे सत्ता के स्तंभों को निशाना बनाया जाए. काट्ज़ ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ईरानी शासन की रीढ़ को तोड़ें, ताकि उनका आतंकवाद फैलाने का तंत्र कमजोर हो सके. उन्होंने सेना को सख्त निर्देश दिए हैं कि तेहरान में शासन की पहचान और उसके शक्ति केंद्रों पर सटीक और तीव्र हमले किए जाएं.

# भारत में ब्लैक बाक्स की जांच

**नई दिल्ली,20 जून. एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 हादसे को लेकर ब्लैक बॉक्स विदेश भेजे जाने की खबरों को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सिरे से खारिज किया है. मंत्रालय ने कहा है कि यह दावा पूरी तरह भ्रामक है. ब्लैक बॉक्स (डिजिटल उड़ान डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर) नई दिल्ली स्थित अत्याधुनिक प्रयोगशाला में ही विश्लेषण के लिए रखे गए हैं.**

सरकार ने साफ किया कि अभी किसी विदेशी प्रयोगशाला को भेजने का निर्णय नहीं लिया गया है. उल्लेखनीय है कि यह लैब उड़ान भवन परिसर में हाल ही में तैयार की गई है, जिसकी लागत 9 करोड़ है और इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सहयोग से विकसित किया गया है.

यहां ब्लैक बॉक्स की मरम्मत, डेटा निकालना और दुर्घटना के कारणों की गहराई से जांच की जा सकती है. हादसे की जांच 12 जून से शुरू हुई, जिसमें भारत की विमान दुर्घटना जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) के साथ अमेरिका के सुरक्षा बोर्ड और विमान निर्माता कंपनियों के विशेषज्ञ भी शामिल हैं. दोनों ब्लैक बॉक्स मलबे से 13 और 16 जून को बरामद किए गए.

# 1000 छात्रों की निकासी के लिए ईरान ने खोला एयरस्पेस

**नई दिल्ली,20 जून. ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच भारत की कूटनीति ने बड़ी सफलता हासिल की है. युद्ध प्रभावित ईरान ने विशेष तौर पर भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए अपने बंद एयरस्पेस को भारत के लिए खोला है. इस कदम को विदेश नीति की बड़ी जीत माना जा रहा है.**


जानकारी के अनुसार, ईरान के मशहद शहर से भारतीय छात्रों को लेकर एक विशेष फ्लाइट शुक्रवार रात करीब 11 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी. इस फ्लाइट से करीब 1000 छात्र स्वदेश लौटेंगे. वहीं शनिवार को दो और फ्लाइट्स से छात्रों को भारत लाया जाएगा. यह निकासी ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों के लिए राहत की बड़ी खबर है.

भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत यह प्रयास तेज़ किए हैं, जिसका उद्देश्य युद्धग्रस्त इलाकों से सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालना है. दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास और तेहरान में भारतीय मिशन लगातार संपर्क में हैं. बताया जा रहा है कि कुछ छात्रों के घायल होने के बाद भारत और ईरान के बीच संपर्क और तेज हुआ.

# भारत के हमलों ने हिला दिया : डार

- पाकिस्तान के डिप्टी पीएम का बड़ा खुलासा
- बोले प्रिंस - भाईजान, मैं जयशंकर से बात करूं क्या

**नई दिल्ली,20 जून. भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर चर्चा में है, जब पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया. डार ने एक टीवी को दिए इंटरव्यू में बताया कि भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की अहम सैन्य ठिकानों पर हुई जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान पूरी तरह हक्का-बक्का रह गया था.**



डार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस और पंजाब के रफीकी एयरबेस पर रात 2.30 बजे मिसाइल हमले किए. इन हमलों के 45 मिनट बाद ही उन्हें सऊदी प्रिंस फैसल का फोन आया जिसमें प्रिंस ने पूछा, भाईजान, क्या मैं भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हमले रोकने के लिए बात करूं? डार ने हामी भरते हुए उन्हें कहा, हां भाईजान, आप बात कर सकते हैं. इसके बाद सऊदी प्रिंस ने जयशंकर से संपर्क कर पाकिस्तान की सीजफायर की मंशा भारत तक पहुंचाई. दरअसल, 7-8 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया.

**सीवान रैली में बोले पीएम मोदी** | विपक्ष का एजेंडा 'परिवार का साथ, परिवार का विकास'

# हमारा मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास'

**सीवान, 21 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि एनडीए का उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास' है, जबकि विपक्ष की राजनीति 'परिवार का साथ, परिवार का विकास' तक सीमित है. उन्होंने कहा कि इन दलों ने अपने परिवारों के लाभ के लिए बिहार की करोड़ों जनता का अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी.**



पीएम मोदी ने कहा, बिहार की जनता ने मिलकर जंगलराज का सफाया किया है. आज यहां का नौजवान 20 साल पहले की अराजक स्थिति को केवल किस्सों में सुनता है. उस दौर में लालटेन और पंजे के प्रतीक सत्ता में थे, जिन्होंने बिहार को पलायन और गरीबी का प्रतीक बना दिया था. लेकिन आज बिहार आत्मविश्वास से भरपूर है और देश की प्रगति में योगदान दे रहा है. प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कुछ का लोकार्पण किया. उन्होंने 400 करोड़ रुपये से अधिक की वैशाली-देवरिया रेल परियोजना की शुरुआत की और एक नई ट्रेन सेवा को रवाना किया. 'नमामि गंगे' योजना के अंतर्गत छह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का उद्घाटन भी किया गया, जिन पर 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है.

### बिहार को मिली नयी वन्दे भारत एक्सप्रेस

नई दिल्ली,20 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार दौरे के दौरान पाटलिपुत्र से गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई. यह 'मेक इन इंडिया' वंदे भारत ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है और उत्तर प्रदेश व बिहार के बीच एक मजबूत रेल संपर्क स्थापित करेगी. इस नई ट्रेन से दोनों राज्यों के लोगों में उत्साह

# बिहार में बना रेल इंजन अफ्रीका रवाना भारत-गिनी रिश्तों को मिलेगी मजबूती

**नई दिल्ली,20 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मढ़ौड़ा में निर्मित पहले मेक इन इंडिया रेल डीजल इंजन को पश्चिम अफ्रीका के गिनी के लिए रवाना किया. उन्होंने वीडियो लिंक के माध्यम से सीवान से इस इंजन को हरी झंडी दिखाई. गिनी के राष्ट्रपति ममाडी डोमबोया के गांव कोमा के नाम पर इंजन का नाम रखा गया है.**

यह इंजन मढ़ौड़ा स्थित रेलवे लोकोमोटिव फैक्ट्री में बना है, जो अब अंतरराष्ट्रीय निर्यात केंद्र बनता जा रहा है. पहले चरण में दो इंजन गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह भेजे गए हैं, जहां से इन्हें समुद्री मार्ग से गिनी पहुंचाया जाएगा. कुल 150 इंजन गिनी भेजे जाएंगे, जिनकी कीमत 3000 करोड़ रुपये से अधिक है. ये अत्याधुनिक लोकोमोटिव 4500 हॉर्सपावर, एसी प्रणोदन, पुनर्योजी ब्रेकिंग और माइक्रोप्रोसेसर-आधारित नियंत्रण प्रणाली से लैस हैं. इनमें वातानुकूलित कैब, अग्नि पहचान प्रणाली, रेफ्रिजरेटर, जलरहित शौचालय जैसी सुविधाएं भी हैं. ये इंजन बायो-फ्यूल व एलएनजी से भी चल सकते हैं. इस परियोजना से बिहार में रोजगार और भारत-अफ्रीका आर्थिक संबंधों को नई मजबूती मिल रही है.